Semester - II

निबंध -

दिल्ली के दर्शनीय स्थल

दिल्ली भारत की राजधानी है। दिल्ली शहर अत्यंत प्राचीन है। महाभारत काल में यह इंद्रप्रस्थ के नाम से जानी जाती थी। दिल्ली को भारत का दिल भी कहा जाता है। दिल्ली में अनेक ऐतिहासिक व धार्मिक इमारतें हैं। हर वर्ष भारत में लाखों विदेशी दिल्ली दर्शन के लिए आते हैं।

कुतुबमीनार, हुँमायु का मकबरा, जामा मस्जिद, जंतर-मंतर, बिड़ला-मंदिर, शीश गंज गुरुद्वारा, लोटस टेंपल राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, राजघाट, डॉल्स म्यूजियम, अक्षर-धाम आदि दर्शनीय स्थल है।

दिल्ली में यमुना नदी के किनारे लालकिला ऐतिहासिक महत्व का एक दर्शनीय स्थल है। यह लाल पत्थरों से बना है। जामा-मस्जिद विश्व की सबसे बड़े मस्जिदों में से एक है। कनॉटप्लेस को दिल्ली का हृदय कहते हैं। दिल्ली का चिड़ियाघर भी दर्शनीय है। यहाँ देश-विदेश से लाए गए पशु-पक्षियों को देखने का अवसर मिलता है।

लोटस टेंपल की बनावट देखते ही बनती है। कमल की आकृति में बना मंदिर बहाई धर्म से संबंध रखता है। अंग्रेजों द्वारा बनाया गया इंडिया गेट, संसद भवन, राष्ट्रपति भवन आदि देखने योग्य है। इंडिया गेट पर अमर-जवान-ज्योति शहीदों का स्मरण कराते हैं। चाँदनी चौक यहाँ का प्रसिद्ध बाजार है। यहाँ हर प्रकार की चीजें उपलब्ध हो जाती है।

इस प्रकार दिल्ली में अनेक दर्शनीय स्थल हैं, ये स्थल दिल्ली की सुंदरता को और भी बढ़ा देते हैं।

—×—